ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन सुविधा

449. **श्री ईश दत्त यादव:**
श्री रामगोपाल यादव:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु कोई कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्तर भारत में किन-किन राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी;

(ख) ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने की उक्त योजना के अंतर्गत आगामी वर्ष में उत्तर प्रदेश के लिये सरकार द्वारा क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और यह लक्ष्य कब तक प्राप्त किये जाने की संभावना है; और

(ग) ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उपलब्ध कराए जाने वाले टेलीफोनों की काल दर क्या होगी और ग्रामीण लोगों को नए टेलीफोन कनेक्शन हेतु कितना शुल्क अदा करना होगा तथा क्या उन्हें एस०टी०डी० सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, यदि हां, तो किस दर पर?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा): (क) जी, हां। यह वार्षिक लक्ष्यों के माध्यम से किया जा रहा है। कुल 6,03,906 गांवों में से 2,36,959 गांवों को 31.1.97 की स्थिति के अनुसार पहले ही शामिल किया जा चुका है। देश के 3,66,947 गांवों को टेलीफोन सुविधा प्रदान की जानी है। उत्तरी भारत के राज्यों सहित सभी राज्यों के गांवों को टेलीफोन सुविधा प्रदान की जा रही है।

(ख) वर्ष 1997-98 की अवधि के लिये उत्तर प्रदेश हेतु प्रस्तावित लक्ष्य 23000 ग्रामीण सार्वजनिक टेलीफोनों (वीपीटी) का है।

(ग) काल प्रभारों के ब्यौरे नीचे विवरण में दिये गये हैं एस टी डी प्रदान करने की कोई अलग दरें नहीं हैं।

विवरण

ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिये शुल्क-दर

टेलीफोन एक्सचेंज प्रणाली		द्विमासिक किराया प्रभार एवं काल शुल्क						
		किराया	दो माह के दौरान नि:शुल्क कालों की संख्या	अनुमत: नि:शुल्क कालों से अधिक कालों पर प्रतिकाल शुल्क				
				251 से 450	451 से 500	501 से 1000	1001 से 2000	2000 से अधिक
		रुपए		पैसे	पैसे	रुपए	रु० पै०	रु० पै०
1.	1000 लाइनों से कम की एक्सचेंज प्रणालियां	100	250	60	80	1	1.25	1.40
2.	1000 लाइनें और इससे अधिक परन्तु 30,000 लाइनों से कम की एक्सचेंज प्रणालियां	200	250	60	80	1	1.25	1.40
3.	30,000 और इससे अधिक परन्तु 1 लाख लाइनों से कम की एक्सचेंज प्रणालियां	270	250	60	80	1	1.25	1.40
4.	1 लाख और इससे अधिक परन्तु 3 लाख से कम लाइनों की एक्सचेंज प्रणालियां	360	250	60	80	1	1.25	1.40
5.	3 लाख और इससे अधिक लाइनों की एक्सचेंज प्रणालियां	380	250	60	80	1	1.25	1.40